# कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

## आवश्यक सूचना

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर.टी.ई). के अंतर्गत सत्र 2026–27 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या 237 दिनांक 16.02.16 के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर **पड़ोस के** ( क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि. मी. दूरी सीमा तक) **अभिवंचित समूह** (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं **कमजोर वर्ग** (जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू. 72,000 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

**माता–पिता / पालक / अभिभावक की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि–**

**(क)** पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए माता–पिता / पालक / अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे।

**(ख)** अभिवंचित वर्ग की मान्यता के लिए माता / पिता / अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं कमजोर वर्ग की आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।

**(ग)** प्रवेश कक्षा प्री–नर्सरी / नर्सरी / प्रेप / एल.के.जी / के.जी. में नामांकन हेतु **उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच होगी एवं**

**(घ)** उम्र की गणना 31 March 2026 के आधार पर होगी।

**ऑनलाइन आवेदन कार्यालय के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन 16.02.2026 से 15.03.2026 तक भरा जाएगा ।**

आवेदन पत्र जमा करने के समय संलग्न किए गए प्रमाण पत्रों का संबंधित विद्यालय, संबंधित बेवसाईट से अनिवार्य रूप से सत्यापन करेंगे अतएव कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने की पूरी पूरी जबावदेही संबंधित **माता–पिता / पालक / अभिभावक** की होगी। आवेदन हेतु तालिका के कॉलम 4 में प्रवेश कक्षा का नाम एवं कॉलम 6 में आरक्षित सीटों की संख्या अंकित है।

| SL | BLOCK | Name | U-Dise code | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BERO | ST JAGAT GYAN MAHARSHI MEHI PUBLIC SCHOOL, BERO | 20144100008 | NURSERY | 30 | 7 |
| 2 | BERO | D A V VIVEKANANDA PUBLIC SCHOOL, BERO | 20140700337 | NURSERY | 40 | 10 |
| 3 | BUNDU | SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL, BUNDU | 20141808937 | NURSERY | 40 | 10 |
| 4 | BUNDU | SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL, BUNDU | 20141808940 | NURSERY | 40 | 10 |
| 5 | BUNDU | MAHATMA N D GROWER DAV PUBLIC SCHOOL, BUNDU | 20141803202 | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 6 | CHANHO | VIDYA NIKETAN RESIDENTIAL SCHOOL SONS, CHANHO | 20140306208 | LKG | 32 | 8 |
| 7 | CHANHO | BAGHWAR ACADEMY, CHANHO | 20140301503 | NURSERY | 32 | 8 |
| 8 | CHANHO | N CAMBRIAN SCHOOL | 20140301813 | PREP | 25 | 6 |
| 9 | KANKE | NIRJA SAHAY DAV PUBLIC SCHOOL, KANKE | 20140112005 | NURSERY | 20 | 5 |
| 10 | KANKE | G & H HIGH SCHOOL, EDALHATU | 20140116423 | NURSERY | 28 | 7 |
| 11 | KANKE | LADY K C ROY MEMORIYAL TENDAR, KANKE | 20140112303 | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 12 | KANKE | A-ONE PUBLIC SCHOOL, NEORI, RANCHI | 20140109611 | NURSERY | 40 | 10 |
| 13 | KANKE | SHINE VALLEY SCHOOL , OYANA, KANKE | 20140109803 | NURSERY | 40 | 10 |
| 14 | KANKE | ST. JOHN'S ENGLISH MEDIUM SCHOOL KARBALA TANK RD, RANCHI | 20140113745 | LKG | 80 | 20 |
| 15 | KANKE | VIKAS VIDYALAYA NEORI, RANCHI | 20140109608 | NURSERY | 40 | 10 |
| 16 | KANKE | ST. MOTHER TERESA HIGH SCHOOL | 20140109605 | NURSERY | 44 | 11 |

| SL | BLOCK | Name | U-Dise code | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | KANKE | SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL,KHELAGAON ROAD, RANCHI | 20140107005 | LKG | 32 | 8 |
| 18 | KANKE | CHIRANJEEVEE CONCEPT SCHOOL , HOCHER, KANKE | 20140105101 | NURSERY | 25 | 6 |
| 19 | KANKE | ST ARVINDO ACADEMY, ARGORA HOUSING SCHOOL, RANCHI | 20140123301 | NURSERY | 25 | 7 |
| 20 | KANKE | CORONA UNIVERSAL SCHOOL,MANATU,RANCHI | 20140108403 | NURSERY | 32 | 8 |
| 21 | KANKE | SHARDA GLOBAL SCHOOL , BUKRU NAGRI, KANKE | 20140109302 | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 22 | KANKE | VIDYA VIKAS PUBLIC SCHOOL, BOREYA, KANKE | 20140109005 | PRE NURSERY | 36 | 9 |
| 23 | KANKE | MANAN VIDYA , DUMARDAGA,BOOTY MORE, RANCHI | 20140114412 | NURSERY | 25 | 6 |
| 24 | KANKE | BERLIN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | 20140117413 | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 25 | KANKE | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL KANKE ROAD,RANCHI | 20140117408 | NURSERY | 20 | 5 |
| 26 | KANKE | DAV KAPILDEV PUBLIC SCHOOL KADRU,RANCHI | 20140114007 | NURSERY | 40 | 10 |
| 27 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL BARIYATU,RANCHI | 20140118809 | NURSERY | 30 | 8 |
| 28 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL SECTOR-3 DHURWA,RANCHI | 20140124402 | KG | 30 | 10 |
| 29 | KANKE | DAV NANDRAJ MODERN SCHOOL LALPUR,RANCHI | 20140117519 | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 30 | KANKE | DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL,BOOTY ROAD, RANCHI | 20140117519 | PRE NURSERY | 20 | 5 |
| 31 | KANKE | DAV PUBLIC SCHOOL, GANDHI NAGAR, CCL,RACNHI | 20140113716 | PRE NURSERY | 60 | 15 |
| 32 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL SAIL TOWNSHIP,RANCHI | 20140124408 | NURSERY | 148 | 37 |
| 33 | KANKE | FIRAYALAL PUBLIC SCHOOL,MAIN ROAD, RANCHI | 20140110683 | NURSERY | 32 | 8 |
| 34 | KANKE | FIRST MARK PUBLIC SCHOOL BARIYATU RANCHI | 20140116511 | NURSERY | 30 | 8 |
| 35 | KANKE | GREENLAND PUBLIC SCHOOL, HATIA | 20140123405 | NURSERY | 32 | 8 |
| 36 | KANKE | GURU NANAK HIGHER SECONDARY SCHOOL, PP COMPUND,RANCHI | 20140113026 | NURSERY | 72 | 18 |
| 37 | KANKE | HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL, HEHAL, BAZRA, RANCHI | 20140115514 | NURSERY | 40 | 10 |
| 38 | KANKE | INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, KANKE ROAD, RANCHI | 20140115206 | LKG | 32 | 8 |
| 39 | KANKE | KAIRALI SCHOOL SECTOR 2, HEC, RANCHI | 20140115504 | PRE KG | 40 | 10 |
| 40 | KANKE | L A GARDEN SCHOOL, LOWER CHUTIA, SAMLONG,RANCHI | 20140113108 | NURSERY | 40 | 10 |
| 41 | KANKE | LOYOLA CONVENT SCHOOL BUTI,RANCHI | 20140113226 | PRE NURSERY | 25 | 6 |
| 42 | KANKE | NIRMALA CONVENT HIGH SCHOOL, EDALHATU, RANCHI | 20140117215 | PRE NURSERY | 120 | 30 |
| 43 | KANKE | OXFORD PUBLIC SCHOOL PRAGATI PATH, RANCHI | 20140117009 | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 44 | KANKE | PRABHAT TARA MIDDLE SCHOOL, JAGANNATHPUR, RANCHI | 20140124301 | LKG | 52 | 13 |
| 45 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL,BUTIMORE, RANCHI | 20140110689 | KG | 44 | 11 |
| 46 | KANKE | SACHIDANAND GYAN BHARTI MODEL SCHOOL,DORANDA, RANCHI | 20140123502 | PRE NURSERY | 30 | 7 |
| 47 | KANKE | ST. PATRICK'S SCHOOL, LALPUR, RANCHI | 20140115313 | NURSERY | 40 | 10 |
| 48 | KANKE | SURENDRANATH CENTENARY SCHOOL, HAZARIBAGH ROAD, RANCHI | 20140113734 | NURSERY | 24 | 6 |
| 49 | KANKE | VIVEKANANDA VIDYA MANDIR, SECTOR-2, RANCHI | 20140123210 | LKG | 100 | 25 |
| 50 | KANKE | PRIM ROSE PUBLIC SCHOOL,BARAGAIN, BARIYATU, RANCHI | 20140100707 | NURSERY | 20 | 6 |
| 51 | KANKE | HOLY CROSS SCHOOL,VARDMAN | 20140115318 | NURSERY | 80 | 20 |

| SL | BLOCK | Name | U-Disc code | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | KANKE | RTC HIGH SCHOOL, BOOTY MORE, RANCHI | 20140118705 | NURSERY | 32 | 8 |
| 53 | KANKE | A G CHURCH HIGH SCHOOL TIRIL MDHELA TOLI, RANCHI | 20140117616 | NURSERY | 25 | 6 |
| 54 | KANKE | FR. AGNEL SCHOOL, NAYA TOLI, DIBADIH, RANCHI | 20140115526 | NURSERY | 32 | 8 |
| 55 | KANKE | RISE ACADEMY HIGH SCHOOL,KALYANPUR, HATIA, RANCHI | 20140122514 | NURSERY | 40 | 10 |
| 56 | KANKE | CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL,BUTI, RANCHI | 20140115712 | NURSERY | 32 | 8 |
| 57 | KANKE | SEVEN STARS ACADEMY,MANDAP TOLI NEAR ITI RANCHI | 20140115413 | NURSERY | 40 | 10 |
| 58 | KANKE | BALDEV PUBLIC SCHOOL, BUTI | 20140118707 | NURSERY | 32 | 8 |
| 59 | KANKE | ASCOT INTERNATIONAL SCHOOL, BHARAT MATA CHOWK HARMU ROAD RANCHI | 20140114712 | PRE NURSERY | 32 | 8 |
| 60 | KANKE | DAV SWARNREKHA PUBLIC SCHOOL, HARMU, RANCHI | 20140120739 | NURSERY | 35 | 9 |
| 61 | KANKE | DELHI PUBLIC SCHOOL GREATER,NEORI VIKAS, MESRA, RANCHI | 20140108816 | NURSERY | 28 | 7 |
| 62 | KANKE | AARUNI PUBLIC SCHOOL,BOOTY, RANCHI | 20140117510 | PRE NURSERY | 24 | 6 |
| 63 | KANKE | JAWAHAR VIDYA MANDIR, SHYAMALI | 20140120515 | LKG | 240 | 60 |
| 64 | KANKE | ST. XAVIER SCHOOL DHURWA, RANCHI | 20140121216 | NURSERY | 30 | 8 |
| 65 | KANKE | SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR DHURWA, RANCHI | 20140124311 | KG -ONE | 60 | 15 |
| 66 | KHELARI | DAV CO OPERATIVE KHELARI, RANCHI | 20142400206 | LKG | 40 | 10 |
| 67 | KHELARI | SARASWATI SISHU VIDYA MANDIR +2 SCHOOL DAKRA, RANCHI | 240142400317 | LKG | 30 | 8 |
| 68 | KHELARI | SARASWATI VIDYA MANDIR KARKATTA, KHELARI | 20142400108 | LKG | 60 | 15 |
| 69 | KHELARI | URSULINE CONVENT SCHOOL KHELARI, KHELARI | 20142400509 | NURSERY | 60 | 15 |
| 70 | KHELARI | SEVA MARG MIDDLE SCHOOL MACLUSKIGANJ, KHELARI | 20142401404 | NURSERY | 40 | 10 |
| 71 | KHELARI | JANET ACADEMY,KHELARI, | 20142401814 | LKG | 25 | 6 |
| 72 | KHELARI | JHARKHAND PUBLIC SCHOOL, MOHAN NAGAR, DAKRA | 20142400316 | NURSERY | 32 | 8 |
| 73 | MANDAR | OXBRIDGE SCHOOL MANDER,RANCHI | 20140404513 | CLASS-NURSERY | 30 | 8 |
| 74 | MANDAR | ST. ANNE'S CONVENT SCHOOL, MANDAR | 20140404521 | NURSERY | 50 | 12 |
| 75 | MANDAR | MOTHERS INTERNATIONAL SCHOOL,ZAHER,BRAMBE,MANDAR | 20140402803 | NURSERY | 32 | 8 |
| 76 | MANDAR | DAYANAND ARYA VIDYA PUBLIC SCHOOL, KANDRI, MANDER | 20140401401 | NURSERY | 40 | 10 |
| 77 | NAGRI | DAV ALOK PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | 20140113732 | NURSERY | 20 | 5 |
| 78 | NAGRI | ST. MICHAEL'S SCHOOL,JAJPUR, RANCHI | 20140113729 | NURSERY | 40 | 10 |
| 79 | NAGRI | S R DAV PUBLIC SCHOOL, PUNDAG, RANCHI | 20140207705 | NURSERY | 20 | 5 |
| 80 | NAGRI | ST. JAGAT GYAN PUBLIC SCHOOL, NAGRI, RANCHI | 20142203805 | NURSERY | 40 | 10 |
| 81 | NAGRI | LOHIYA PUBLIC SCHOOL CHEKNAKA,LODHMA, RANCHI | 20142203806 | NURSERY | 40 | 10 |
| 82 | NAGRI | GYANODAYA ACADEMY PISKA NAGRI,NAGRI | 20142203803 | NURSERY | 28 | 7 |
| 83 | NAGRI | SACRED MISSION HIGH SCHOOL,SAHER, NAGRI | 20142203706 | NURSERY | 48 | 12 |
| 84 | NAGRI | VIDYA MANDIR PUBLIC SCHOOL, KATARPA, PISKA NAGRI, RANCHI | 20142204104 | NURSERY | 40 | 10 |
| 85 | NAGRI | ADITYA PRAKASH JALAN SARASWATI VIDYA MANDIR ,NAGRI | 20142203304 | NURSERY | 40 | 10 |
| 86 | NAGRI | HIS BLESSING CONVENT SCHOOL,NAGRI | 20142203802 | NURSERY | 40 | 10 |
| 87 | NAMKUM | BRIDGE FORD SCHOOL,TIPUDANA, | 20140813801 | PRE NURSERY | 32 | 8 |

| SL | BLOCK | Name | U-Disc code | Entry Class | Total_ Seat | Seat Reserved under 12 (1) (C ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | NAMKUM | CAMBRIDGE SCHOOL,TATI SILWAI, NAMKUM | 20140810407 | NURSERY | 40 | 10 |
| 89 | NAMKUM | DAV NAGESHWAR PUBLIC SCHOOL, CHANDAGHAHI, NAMKUM | 20140801503 | NURSERY | 40 | 10 |
| 90 | NAMKUM | GAUTAM BUDDHA INTERNATIONAL SCHOOL,TATISILWAI, NAMKUM | 20140810405 | NURSERY | 40 | 10 |
| 91 | NAMKUM | ODM SAPPHIRE GLOBAL SCHOOL HARDAG, NAMKUM | 20140811206 | NURSERY | 15 | 4 |
| 92 | NAMKUM | SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL , MAHILONG, NAMKUM | 20140800105 | NURSERY | 30 | 7 |
| 93 | NAMKUM | TAURIAN WORLD SCHOOL,ZERO MILE,TUPUDANA, RANCHI | 20140802402 | LKG | 10 | 2 |
| 94 | NAMKUM | TENDER HEART SENIOR SECONDARY SCHOOL TUPUDANA, RANCHI | 20140811603 | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 95 | NAMKUM | IMMACULATE HEART OF MARY MIDDLE SCHOOL, PALANDU, NAMKUM | 20140809002 | NURSERY | 40 | 10 |
| 96 | NAMKUM | DON BOSCO ENGLISH MEDIUM SCHOOL HESAG HATIA,RANCHI | 20140804108 | PRE NURSERY | 48 | 12 |
| 97 | NAMKUM | SNEHKUL PUBLIC SCHOOL ,TIPUDANA | 20140804710 | NURSERY | 35 | 9 |
| 98 | NAMKUM | DIVINE MERCY SCHOOL,TUMBAGUTTU, NAMKUM | 20140811403 | LKG | 20 | 5 |
| 99 | NAMKUM | ST THOMAS SCHOOL HARDAG, RANCHI | 20140803806 | KG - 1 | 40 | 10 |
| 100 | NAMKUM | HAPPY CHILDREN SCHOOL TUPUDANA | 20140802602 | NURSERY | 40 | 10 |
| 101 | NAMKUM | KATHERINE ACADEMY , ARA GATE, NAMKUM | 20140800110 | NURSERY | 40 | 10 |
| 102 | NAMKUM | BETHANI CONVENT SCHOOL RAJA ULATU NAMKUM | 20140814601 | NURSERY | 40 | 10 |
| 103 | NAMKUM | GD GOYANKA SCHOOL NAMKUM, RANCHI | 20140806614 | NURSERY | 25 | 6 |
| 104 | ORMANJHI | CALCUTTA PUBLIC SCHOOL ORMANJHI | 20140906914 | LOWER NURSERY | 40 | 10 |
| 105 | ORMANJHI | BNN INTERNATIONAL SCHOOL | 20140904019 | NURSERY | 40 | 10 |
| 106 | RAHE | SARVODAY SCHOOL RAHE, RANCHI | 20142500216 | NURSERY | 80 | 20 |
| 107 | RATU | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL , RATU, RANCHI | 20140207829 | NURSERY | 40 | 10 |
| 108 | RATU | DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL,RANCHI | 20140214106 | NURSERY | 80 | 20 |
| 109 | RATU | GURU GOBIND SINGH PUBLIC SCHOOL , KAMRE, KANKE | 20140213517 | NURSERY | 50 | 12 |
| 110 | RATU | J.K. INTERNATIONAL SCHOOL AGRU, RATU | 20140200105 | LKG | 40 | 10 |
| 111 | RATU | LALA LAJPAT RAI BAL MANDIR SR SEC SCHOOL | 20140207706 | PRE NURSERY | 40 | 10 |
| 112 | RATU | R.B. SPRINGDALE PUBLIC SCHOOL ,HEHAL PATRA TOLI, RANCHI | 20140203404 | NURSERY | 40 | 10 |
| 113 | RATU | SHRADHANAND BAL MANDIR SENIOR SECONDARY SCHOOL , KAMRE, RANCHI | 20140213516 | NURSERY | 25 | 6 |
| 114 | RATU | ST. COLUMBUS SCHOOL MURGU, RATU | 20140206202 | NURSERY | 12 | 3 |
| 115 | RATU | LOTUS MONTESSERY SCHOOL BAJPUR, RANCHI | 20140208507 | NURSERY | 32 | 8 |
| 116 | SILLI | ST. MICHAEL'S SCHOOL MURI,SILLI | 20141111802 | NURSERY | 40 | 10 |
| 117 | SILLI | RTC PUBLIC SCHOOL SIGNPUR, MURI, RANCHI | 20141110502 | NURSERY | 20 | 5 |
| | | **TOTAL** | | | **4699** | **1176** |

**नोट :–**

1. आवेदको की सुविधा हेतु जिला समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए, के प्रवेश द्वार के सामने श्री संजय कुमार (9304306945), जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के कमरा संख्या 103 श्री फुलजेन्स केरकेट्टा (8757221429) हेल्प डेस्क दिनांक 15.03.2026 तक क्रियाशील रहेगा जिसमें फार्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी ।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने बच्चों के नामांकन हेतु उसी विद्यालय में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 01 कि.मी., 03 कि.मी. एवं अंततः 06 कि.मी. दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहाँ उनके बच्चे के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है। कृपया माता/पिता या अभिभावक बच्चे की आयु का अलग अलग घोषणापत्र अथवा वास्तविक से कम उम्र के प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन के अवैध प्रयास में सम्मिलित नहीं होंगे। आवश्यकतानुसार निवास स्थान की जाँच की जाएगी एवं निर्धारित सीमा से अधिक पाये जाने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करें :

*** जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**

1) सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

**** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**

1) बच्चे का नाम वाले पिता/माता के नाम पर जारी राशन कार्ड।
2) बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3) माता–पिता में से किसी एक का निवास का प्रमाण –पत्र
4) बिजली बिल/टेलीफोन बिल।
5) आधार कार्ड/जॉब कार्ड।

***** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**

1. अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो)

****** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :**

1. उपायुक्त/अनुमण्डलाधिकारी/अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत 40% से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया का प्रारंभ | 16.02.2026 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि– | 15.03.2026 |
| 3 | सक्षम प्राधिकार के द्वारा संलग्न दस्तावेजों की जाँच | 16.03.2026– 25.03.2026 |
| 4 | लॉटरी द्वारा चयन एवं चयनित बच्चों की सूची का प्रकाशन के लिए संभावित तिथि– | 28.03.2026 |
| 5 | प्रथम चरण के नामांकन हेतु निर्धारित तिथि– | 31.03.2026– 10.04.2026 |

- नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाइट www.rteranchi.in पर ऑनलाइन पूरी की जायेगी।
- संबंधित माता–पिता/अभिभावकों को वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- रजिस्ट्रेशन उपरांत संबंधित वेबसाइट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाना है।
- फॉर्म भरने के क्रम में माता–पिता/अभिभावक वेबसाइट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस–पास निर्धारित दूरी में अवस्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे। ऑनलाइन Randomise करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है अथवा निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।
- फॉर्म भरने के क्रम में जहाँ से फॉर्म भरा जायेगा उसका ऑनलाइन लोकेशन वेबसाइट पर स्वतः अंकित हो जायेगा। यदि माता–पिता/अभिभावक प्रज्ञा केन्द्र अथवा साईबर कैफे के सहयोग से आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने घर का वास्तविक लोकेशन गूगल मैप पर select करना होगा। संबंधित प्रखण्ड का गूगल मैप फॉर्म भरने

के क्रम में अपने आप खुल जायेगा। सावधानीपूर्वक अपने घर का लोकेशन चिन्हित करने की जवाबदेही माता–पिता/अभिभावक की होगी।

- फॉर्म भरने के बाद संबंधित दस्तावेज एवं बच्चे का फोटोग्राफ वेबसाइट पर अपलोड करना है।
- जन्म प्रमाण पत्र एवं अंचालाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण–पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000.00 से कम हो) को अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना है।
- उपरोक्त प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन जाँच संबंधित सक्षम प्राधिकार के द्वारा इसी वेबसाइट पर किया जायेगा।
- गलत जानकारी अथवा तथ्यों को छुपाना अथवा गलत दस्तावेज अपलोड करने की स्थिति में जाँच के क्रम में नामांकन की प्रक्रिया के किसी भी समय आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जवाबदेही माता–पिता/अभिभावक की होगी।
- निर्धारित आरक्षित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित वेबसाइट के माध्यम से Randomise करते हुए लॉटरी के माध्यम से अंतिम चयन पूर्ण किया जायेगा जो सभी को मान्य होगा।
- अंतिम रूप से चयनित सूची विद्यालय संबंधित वेबसाइट पर विद्यालय के लॉग–इन में उपलब्ध होगी जिसे विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नामांकन उपरांत ऑनलाइन अद्यतन किया जायेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–,
नोडल पदाधिकारी, आर0टी0ई0, राँची

ह0/–
उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, राँची

ज्ञापांक.......................... दिनांक............................

प्रतिलिपि– जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि दिनांक 15.02.2026 को कम से कम तीन दैनिक समाचार पत्रों में उक्त आवश्यक सूचना को प्रकाशित करवाने का कष्ट करेंगे

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–,
नोडल पदाधिकारी, आर0टी0ई0, राँची।

ज्ञापांक 489 /राँची, दिनांक 12-02-26

प्रतिलिपि :–जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, राँची जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया दिनांक 15.02.2026 के अंक में स्थानीय तीन समाचार पत्रों में उपर्युक्त सूचना के प्रकाशन हेतु कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

प्रतिलिपि :–जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, राँची जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया है कि जिले के वेबसाइट www.ranchi.nic.in पर संबंधित सूचना को अपलोड करने की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

प्रतिलिपि :–मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय, राँची जिला के प्राचार्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, राँची जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि अपने अधिनस्थ मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के रिक्त सीटों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए स्थानीय योग्य छात्र–छात्राओं का अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि : निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखंड/राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

12/02/26

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
नोडल पदाधिकारी, आर0टी0ई0, राँची।